आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–24 मई 2024 **सान्ध्य समाचार**

लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिये कल होने वाले मतदान की तैयारियां पूरी हो गयीं हैं। आज सुबह से ही पोलिंग पार्टियां बूथों पर भेजी जा रहीं हैं। देर शाम तक सभी पोलिंग पार्टियों के गंतव्य तक पहुंच जाने की उम्मीद है। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कल सुबह सात बजे से मतदान शुरू होगा जो शाम छः बजे तक चलेगा। इस चरण में उत्तर प्रदेश की जो चौदह लोकसभा सीटें शामिल हैं उनमें– सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, प्रयागराज, अम्बेडकर नगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संतकबीरनगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, भदोही और मछलीशहर में कल मतदान होना है। हमारे संवाददाता की रिपोर्ट–

पोलिंग पार्टियों को ईवीएम मशीनों और अन्य चुनाव संबंधी सामग्री के साथ कड़ी सुरक्षा के बीच भेजा जा रहा है. अंतरराज्यीय और अंतरजिला सीमाएं सील कर दी गई हैं और सुरक्षाकर्मी हर बैरियर पर जांच कर रहे हैं। नेपाल के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमा साझा करने वाले तराई बेल्ट के जिलों में विशेष निगरानी रखी गई है। सशस्त्र सीमा बल एसएसबी सीमावर्ती जिलों में चेकिंग कर रही है। जो राजनीतिक कार्यकर्ता निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता नहीं हैं, उन्हें तुरंत क्षेत्र छोड़ने का निर्देश दिया जा चुका है।। छठे चरण की 14 सीटें पूर्वांचल और तराई क्षेत्र में फैली हुई हैं जिनमें सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अंबेडकर नगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संत कबीर नगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, मछली शहर और भदोही शामिल हैं।

इन सभी सीटों पर प्रमुख दलों ने अपने प्रत्याशी उतारे हैं। इस चरण में जिन प्रमुख उम्मीदवारों के राजनैतिक भविष्य का फैसला होगा, उनमें सुल्तानपुर संसदीय सीट से भाजपा उम्मीदवार और पूर्व केन्द्रीय मंत्री मेनका गांधी, प्रयागराज निर्वाचन क्षेत्र से इंडी गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी और प्रदेश के पूर्व मंत्री उज्ज्वल रमण सिंह आजमगढ़ से सपा प्रत्याशी धर्मेन्द्र यादव और मौजूदा भाजपा सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ शामिल हैं।

वहीं जौनपुर सीट से भाजपा ने इस बार महाराष्ट्र के पूर्व गृहराज्य मंत्री कृपाशंकर सिंह को मैदान में उतारा है। श्री सिंह जौनपुर के मूल निवासी है। उधर सपा ने राज्य के पूर्व मंत्री बाबू सिंह कुशवाहा पर दांव लगाया है तो वहीं बसपा ने एक बार फिर श्यामदेव सिंह यादव पर अपना भरोसा जताया है।

पिछले चुनाव में इन चौदह सीटों में से दस सीटें भारतीय जनता पार्टी ने हासिल की थीं, जबकि सपा–बसपा गठबंधन ने चार सीटों पर विजय दर्ज की थी।

****

सातवें और अन्तिम चरण के चुनाव प्रचार अभियान को लेकर प्रदेश में विभिन्न राजनीतिक दलों ने पूरी ताकत झोंक दी है। इसी क्रम में आज भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महराजगंज, कुशीनगर, देवरिया और गोरखपुर के लोकसभा प्रत्याशियों के लिये जनसभायें कर वोट की अपील की। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर प्रहार करते हुए कहा कि जनता का पैसा अब देश के विकास में खर्च हो रहा है। पहले की सरकारों में दबंग भूमि कब्जा कर लेते थे। अब ऐसा सम्भव नहीं है। श्री योगी ने कहा कि डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर ने कहा था कि धर्म के आधार पर आरक्षण देश के विभाजन जैसा है। उन्होंने कांग्रेस को भी घेरते हुए कहा कि उनका घोषणा पत्र साजिश की उपज है।

श्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भगवान राम का मंदिर और काशी विश्वनाथ मंदिर सज गया है। मथुरा की तरफ हम लोग बढ़ गये हैं। यह सिर्फ जनता के वोट के कारण सम्भव हो सका है। उन्होंने कहा कि पांच चरणों के चुनाव के बाद यह साफ हो चुका है कि देश में एक बार फिर मोदी सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि हम नये भारत में रह रहे हैं और इसका नेतृत्व मोदी जी कर रहे हैं।

आज भारत की सीमायें सुरक्षित हैं और पूरे विश्व में भारत का सम्मान है। प्रचार अभियान के ही क्रम में कल समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी की गोरखपुर में संयुक्त जनसभा होगी। इसके अलावा अखिलेश यादव देवरिया में भी जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ओबीसी–मुस्लिम आरक्षण को लेकर आए कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान किसी को भी धर्म के आधार पर आरक्षण की अनुमति नहीं देता है। पश्चिम बंगाल की टीएमसी सरकार ने राजनीतिक तुष्टिकरण की पराकाष्ठा पर चलते हुए 2010 में 118 मुस्लिम जातियों को जबरन ओबीसी में डाल कर ये आरक्षण दिया था। इंडी गठबंधन द्वारा देश की कीमत पर राजनीति की जो ये नीति चल रही है, इस होड़ को खारिज और बेनकाब किया जाना चाहिए।

श्री योगी ने आज अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत के दौरान ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की ममता सरकार ओबीसी का हक जबरदस्ती हड़प रही थीं। इसी असंवैधानिक कृत्य पर माननीय उच्च न्यायालय ने टीएमसी सरकार के फैसले को पलटा है।

****

वैष्णो देवी दर्शन के लिये जम्मू जा रही श्रद्धालुओं से भरी ट्रेवलर की पंजाब के अम्बाला में ट्रक की टक्कर से दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से प्रदेश के बुलंदशहर स्थित कंकोड़ थाना क्षेत्र के भोपतपुर गांव के सात लोगों की मौत हो गयी। घटना में बीस से अधिक लोगों के घायल होने की भी सूचना है।

****